दिन—मंगलवार 　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　 दिनांक— 03 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। 　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　 अवधि — 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में तीन नए आपराधिक कानून राष्ट्र को समर्पित किया। कहा— नये कानूनों से जल्द मिलेगा न्याय।

02. राज्य सरकार ने भूमि सर्वेक्षण के लिए स्वघोषणा की समय सीमा एक सौ अस्सी कार्यदिवस के लिए और बढ़ाई।

03. शिक्षा विभाग ने वर्ष दो हजार पच्चीस का कैलेंडर जारी किया। अगले वर्ष विद्यालयों में बहत्तर दिनों का रहेगा अवकाश। मासिक परीक्षा की व्यवस्था को किया गया समाप्त।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र आज देश के पहले राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की एक सौ चालीसवीं जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में तीन नए आपराधिक कानूनों को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने भारतीय न्याय संहिता लागू किए जाने पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सच्चा सामाजिक न्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों का लागू होना उन आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिसकी परिकल्पना हमारे संविधान में की गई थी।

———बाईट———

एक ऐसे समय में जब देश विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है, जब संविधान के 75 वर्ष हुए हैं, तब संविधान की भावना से प्रेरित भारतीय न्याय संहिता का प्रभाव में आना एक बहुत बड़ी शुरुआत है।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून तीन साल के अन्दर पूरे देश में लागू हो जाएंगे।

————————————————————————

राज्य सरकार ने भूमि सर्वेक्षण के लिए स्वघोषणा की समय सीमा एक सौ अस्सी कार्यदिवस के लिए और बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद

कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि अब रैयत का दावा करने के लिए साठ दिन और दावे के निपटारे के लिए साठ दिन का समय मिलेगा।

---बाईट---

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने शंकर नेत्रालय फाउंडेशन को पटना में आंखों के इलाज के लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खोलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

---बाईट---

वहीं, एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने कैमूर जिले के करमचक डैम में ईको–टूरिज्म एडवेंचर हब विकसित करने के लिए लगभग चालीस करोड़ रुपये और सहरसा के मत्स्यगंधा झील के विकास के लिए अंठानवे करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की।

---

प्रदेश में पैक्स चुनाव के पांचवे और अंतिम चरण के तहत शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हो गया। इस चरण में तैंतीस जिलों के एक सौ सात प्रखंडों के एक हजार अंठानवे पैक्स के लिए मतदान हुआ। मतों की गिनती कल होगी। राज्य में छह दिसम्बर तक पैक्स चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

---

शिक्षा विभाग ने वर्ष दो हजार पच्चीस का कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार अगले वर्ष सरकारी विद्यालयों में बहत्तर दिनों की छुट्टी होगी। विभाग ने कैलेंडर में शीतकालीन छुट्टी को भी मंजूरी दी है। अगले वर्ष पच्चीस दिसम्बर से इकतीस दिसम्बर के बीच विद्यालयों में शीतकालीन छुट्टी रहेगी। वहीं, दो जून से इक्कीस जून तक गर्मी की छुट्टियां रहेंगी।

शिक्षा विभाग ने अगले कैलेंडर वर्ष से सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में पहली से बाहरवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा की व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। अब अगले वर्ष जनवरी महीने से आंतरिक मूल्यांकन के लिए साप्ताहिक परीक्षा विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी। वहीं, पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा का आयोजन राज्य शिक्षा शोध और प्रशिक्षण परिषद द्वारा किया जाएगा। साथ ही नौवीं

से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा का आयोजन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से किया जाएगा।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कुंदन कृष्णन को पुलिस मुख्यालय का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया है। सरकार ने जे.एस. गंगवार को महानिदेशक मुख्यालय के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है। वहीं, पंकज दाराद को अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था के पद पर भेजा गया है। पुलिस महानिरीक्षक, आतंकवाद निरोधक दस्ता के पद पर शालीन की नियुक्ति की गई है। विवेक कुमार को पुलिस उप महानिरीक्षक, भागलपुर, संजय सिंह को अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण और विवेकानंद को बिहार एटीएस का उप महानिरीक्षक बनाया गया है।

———————————————————————————

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि सांसद को वीडियो भेजकर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी उनका ही समर्थक है। उन्होंने बताया कि सांसद के समर्थकों ने उनके ही इशारे पर धमकी भरा वीडियो बनाया और उसे सांसद के वाट्सएप पर भेजा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पप्पू यादव को जेड सिक्योरिटी दिलाने के लिए पूरी साजिश रची गयी।

———बाईट———

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी प्रखंड की अमरख पंचायत के राजस्व कर्मचारी जसपाल कुमार को बीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी जमीन के दाखिल–खारिज के लिए शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था। ब्यूरो की टीम ने उसके कार्यालय और आवास पर भी छापेमारी की। साथ ही जांच एजेंसी ने कुढनी के अंचलाधिकारी के आवास पर भी छापेमारी की है।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस, दो हजार चौबीस के अवसर पर तैंतीस प्रतिशत की दिव्यांगता वाले अनुकरणीय व्यक्तियों और

संस्थानों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि इस पुरस्कार के विजेता समाज के लिए आदर्श के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं।

———बाईट———

प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन कराना, मानव समुदाय में संवेदनशीलता का प्रमाण है। विश्व समुदाय में अपने दिव्यांग साथियों के सशक्तिकरण की भावना का होना बहुत अच्छी बात है। इस भावना के साथ सभी दिव्यांगजन को सहायता और बराबरी का अनुभव करना पूरी मानवता का कर्तव्य है। दिव्यांगजनों को हर तरह से बाधामुक्त वातावरण सुलभ कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए।

राष्ट्रपति ने दिव्यांगजनों को सार्वभौमिक सुगमता प्रदान करने में सुगम्य भारत अभियान की भूमिका का उल्लेख किया। यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि दिव्यांगजन सहानुभूति के पात्र नहीं बल्कि सम्मान के पात्र हैं।

———बाईट———

आज के पुरस्कार विजेता समाज के सामने रोल मॉडल के रूप में प्रतिष्ठित हो रहे हैं। इनका अनुकरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थान दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। वास्तव में दिव्यांगजन के अदम्य उत्साह को देखकर हम सभी को प्रेरणा मिलती है। आज के पुरस्कार विजेता दिव्यांगजन की उपलब्धियां के बारे में जानकार सभी का मनोबल बढ़ा होगा।

————————————————————————————————

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। पटना के हिन्दी साहित्य सम्मेलन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों ने राज्य सरकार से दिव्यांगों के कल्याण के लिए अलग विभाग सृजित करने और दिव्यांग बेरोजगारों को प्रतिमाह चार सौ रूपये की जगह चार हजार रूपये पेंशन देने की मांग की।

————————————————————————————————

सुगम्य भारत अभियान आज अपनी नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। इसे सुलभ भारत अभियान के नाम से भी जाना जाता है। इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए एक सुगम और समावेशी भारत का निर्माण करना है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

पिछले 9 वर्षों में सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत दिव्यांग लोगों के लिए समावेशी विकास करने में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई है। हजारों सरकारी इमारत और परिवहन सुविधाओं की नवीनीकरण से लेकर सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करने और सुलभ टीवी सामग्री सुनिश्चित करने तक यह अभियान सार्वभौमिक सुगम्यता के लिए आधार तैयार कर रहा है। आज सभी 35 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों और 55 घरेलू हवाई अड्डों में रेम्प, सुलभ शौचाल, हेल्प डेस्क और लिफ्ट ब्रेल और श्रवण प्रणाली से सुसज्जित हैं। लगभग 709

रेलवे स्टेशनों को पूरी तरह जबकि 4000 से अधिक स्टेशनों को आंशिक रूप से दिव्यांगता अनुकूल बनाया गया है। लगभग छह प्रतिशत बसें पूरी तरह से और लगभग 30 प्रतिशत को आंशिक रूप से दिव्यांगता अनुकूल बनाया गया है। वहीं इस पहल के तहत 1000 से अधिक दिव्यांगों को भारतीय सांकेतिक भाषा में प्रशिक्षित किया गया है। पल्लवी परमार के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज देश के पहले राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की एक सौ चालीसवीं जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। मुख्य समारोह पटना में राजभवन के राजेन्द्र चौक और बांस घाट स्थित उनकी समाधि स्थल पर आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद के जन्म स्थान सीवान के जीरादेई में भी उनकी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदाकत आश्रम स्थित बिहार विद्यापीठ में भी विशेष आयोजन किया गया। डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद सामाजिक संस्थान पटना की ओर से भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य सरकार के मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजेन्द्र बाबू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इधर, शिक्षा विभाग की ओर से राजेन्द्र बाबू की जयंती मेधा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में राज्य टॉपर रहे पचहत्तर विद्यार्थियों को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

———————————————————————————

भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हर्षवर्द्धन का आज पूरे सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव सहरसा जिले के पड़रिया में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में कोसी क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक और सहरसा के पुलिस अधीक्षक समेत कई अधिकारी उपस्थित थे। दो हजार तेईस बैच के आईपीएस अधिकारी हर्षवर्द्धन की उस समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी, जब वे कर्नाटक के हासन जिले में अपनी पहली पदस्थापना के लिए योगदान देने जा रहे थे।

———————————————————————————

प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। पछुआ हवा की रफ्तार कम होने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ऊपर बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में

दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान दस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापामान के साथ किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान पंद्रह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में आयोजित समारोह में तीन नए आपराधिक कानून राष्ट्र को समर्पित किया। कहा– नये कानूनों से जल्द मिलेगा न्याय।

02. राज्य सरकार ने भूमि सर्वेक्षण के लिए स्वघोषणा की समय सीमा एक सौ अस्सी कार्यदिवस के लिए और बढ़ाई।

03. शिक्षा विभाग ने वर्ष दो हजार पच्चीस का कैलेंडर जारी किया। अगले वर्ष विद्यालयों में बहत्तर दिनों का रहेगा अवकाश। मासिक परीक्षा की व्यवस्था को किया गया समाप्त।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र आज देश के पहले राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की एक सौ चालीसवीं जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।